रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2563] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 26, 2016/कार्तिक 4, 1938
No. 2563] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 26, 2016/KARTIKA 4, 1938

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर, 2016

का.आ. 3310(अ).—भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. **2537**(अ) तारीख 2 सितम्बर, 2015, उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक रूप से विचार किया गया;

मणिपुर राज्य सरकार ने इसके पर्याप्त पारिस्थितिकीय, प्राणिजात, वनस्पतीय, भू-रूपात्मक, प्राकृतिक और प्राणि-विज्ञान महत्व के कारण अधिसूचना सं.60/6/86-वन तारीख 21 मार्च 1989 द्वारा मणिपुर राज्य के चन्देल जिला में यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य की घोषणा के लिए अधिसूचना जारी की थी;

और, यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य दो भूवैज्ञानिक जोन- पूर्वी हिमालयी तथा म्यांमार के संगम पर स्थित एक इंडो- म्यांमार के अद्वितीय तथा जीवंत पारिस्थित तंत्र को प्रदर्शित करता है और भिन्न जैविक विविधता जिनमें हुलांक उतक (हुलांक लेउकोलेडिस), मलियन सन बियर (हेलरक्टोस मालायानस), मुंजक (मुनटियासिनी), सांभर (रुसा यूनिकलर), तेंदुआ (पैंथरा पारड्स), गोल्डन कैट (कैटोपुमा टेम्मिनकी), सियार (कैनिस औरेअस), इंडो- म्यांमार सीमा पर प्रवासी भारतीय हाथी (इलेफास मैक्सीमस इंडिक्स), लजीला वानर (नाइक्टिसेबस स्पा), साल (मानिस स्पा.) इत्यादि को आश्रय प्रदान करता है;

और, यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उप धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मणिपुर राज्य में यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से शून्य से 7.8 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से शून्य से 7.8 किलोमीटर तक भिन्न-भिन्न है और पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार वन्यजीव अभयारण्य के पूर्व से 0 किलोमीटर है जो पूर्वी इंडो- म्यांमार अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 35 किलोमीटर तक जुड़ा हुआ है और पारिस्थितिक संवेदी जोन का क्षेत्र 25,300 हेक्टेयर है ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन, वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिक संवेदी जोन के निर्देशांक **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र इसके अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध II** के रुप में उपाबद्ध है ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची मुख्य बिंदुओं के निर्देशांक **उपाबंध III** के रुप में उपाबद्ध है |

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आचंलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति से राज्य सरकार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश का सिद्धांत, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(4) आंचलिक महायोजना, इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समेकित करने के लिए संबद्ध राज्य सरकार के विभागों के निम्नलिखित सभी परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) नगर विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिका ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ; और

(viii) मणिपुर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हों और आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचना क्रियाकलापों में दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास और स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करते हुए विनियमित होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं0 26, 30, 34 और 39 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(ii) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(iii) वर्षा जल संचय; और

(iv) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण दस्तकार हैं ।

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों** - आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

IndiaCode

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जो पर्यटन महायोजना का भाग रूप में निम्नलिखित होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग,मणिपुर सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, मणिपुर सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन, (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गनिदेशों के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटल और सैरगाहों के नए संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थलों -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट -** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(आ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना जी.एस. आर 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन** - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	आरा मीलों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	नए बृहत जल विद्युत परियोजना का स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।

IndiaCode

6.	प्लास्टिक थैलों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
8.	भू-उपयोग का अमूल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
9.	तेल, प्राकृतिक गैस, बायो-फ्यूल के परिवहन हेतु भूमिगत पाइपलाइन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
10.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
	विनियमित क्रियाकलाप	
11.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कोई कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
12.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी व्यवसाय के लिए आवास के संबंध में संरक्षित क्षेत्र की सीमा के एक किलोमीटर या पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक, जो भी निकट हो, के भीतर ही नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों को अनुज्ञात किया जाएगा अन्यथा नहीं : परन्तु वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा ।
13.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों आदि द्वारा अभयारण्य क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
14.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति दी जाएगी । परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) इसके अतिरिक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन से परे, सदभाविक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण की अनुज्ञा दी जाएगी और

		अन्य वाणिज्यिक संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुरूप होंगे।
15.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का निष्कर्षण (सतही और भूमिगत जल) अनुज्ञात होगा। (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) किसी स्रोत जल, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
16.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
17.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण।	भूमिगत केबलों को प्रोत्साहन देना।
18.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
19.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों, रेल पटरी का संनिर्माण।	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे।
20.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
21.	विदेशी प्रजातियों को लाना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
22.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
24.	वायु (जिसके अन्तर्गत ध्वनि है)और यानिक प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करना और अवमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन करना होगा।
26.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, कृषि उद्यान या कृषि आधारित उद्योग, जो देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन करते हैं और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, को अनुज्ञात किया जाएगा।
27.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।

IndiaCode

28.	सुरक्षा बलों के कैंप।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी : परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में 100 प्रतिशत आयातित काष्ठ स्टाक उपभोग करने वाले नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना की जा सकेगी ।
30.	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के लिए, पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल कुटीर, जैसे तंबू, लकड़ी के घर आदि ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
31.	पारिस्थितिक-पर्यटन क्रियाकलाप ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
32.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	संवर्धित क्रियाकलाप	
33.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
34.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
35.	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
36.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
38.	वानस्पतिक बाड़ ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
39.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
41.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
42.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क) संबंधित उपायुक्त — अध्यक्ष;

(ख) क्षेत्रीय वरिष्ठ शहरी योजनाकार — सदस्य;

(ग) वरिष्ठ पर्यावरण अभियन्ता, मणिपुर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इम्फाल का — सदस्य;

IndiaCode

	प्रतिनिधि	
(घ)	पर्यावरण(जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का मणिपुर राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(ङ)	मणिपुर सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(च)	राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य	सदस्य;
(छ)	प्रभागीय वन संरक्षक	सदस्य-सचिव।

निर्देश शर्तें -

(2) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(3) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(5) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(6) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (1986 का 29) के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(7) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(8) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(9) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

7. माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

[फा. सं. 25/28/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध – I

यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य की प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन की परिसीमाएं और सीमाएं

पूर्व : पारिस्थितिक संवेदी जोन कि पूर्वी सीमा रेखा भारतीय म्यांमार अंर्तराष्ट्रीय सीमा के 35 किलोमीटर लंबा है और स्तंभ संख्या (बी.पी.) 75 से शुरु होकर उत्तर दिशा की ओर भारतीय म्यांमार सीमा रेखा के साथ स्तंभ सं.76 से होकर स्तंभ संख्या 85 तक को स्टेशन न.1 तक पहुँचता है, जहाँ तूयांग लोक (स्ट्रीम) अंर्तराष्ट्रीय सीमा को काटती है।

उत्तर : रेखा स्टेशन न. 1 से शुरु होकर पश्चिमी दिशा मे टियांग लोक के साथ चलते हुए मानचित्र में स्टेशन न. 2 तक पहुँचती है (लामयांग ग्राम); तत्पश्चात् कामयुंग लोक के साथ चलते हुए कामपांग ग्राम कि ओर जाते हुए अंर्त ग्राम सड़क पर स्टेशन न. 3 तक पहुँचती है ।

पश्चिम : स्टेशन न. 3 से शुरु होकर, रेखा लोकचाव नदी (उपरी धारा) के साथ चलते हुए, स्टेशन न. 4 तक पहुँचती है जहाँ लोकचाव नदी कि दो नदिका मिलती है, इसके बाद रेखा लोकचाव नदी की ऊपरी नदिका के साथ पश्चिमी दिशा में चलते हुए स्टेशन न. 5 तक पहुँचती है। जहाँ दो अंर्तग्राम्य सड़क मिलती है; इसके पश्चात यह दक्षिणी दिशा में चलते हुए रिज के साथ चेलप ग्राम से होते हुए स्टेशन न. 6 तक पहुँचती है। (12.380 मीटर); इसके बाद खुलरलोक के साथ जाते हुए स्टेशन न. 7 से होते हुए खोंग खांग ग्राम के स्टेशन न. 8 तक पहुँचती है जहाँ यह राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 102 (इम्फाल-मोराह मार्ग) को काटती है; तत्पश्चात् यह तुवाई लोक के साथ स्टेशन न. 9 तक जाती है जहाँ अंर्तग्राम्य सड़क माथोल खुल्लन ग्राम कि ओर जाती है; इसके बाद यह यूईथिक लोक कि नदिका के साथ होते हुए स्टेशन न. 10 से अंगब्रसू ग्राम के स्टेशन न. 8 तक पहुँचती है।

दक्षिण : स्टेशन न. 11 से शुरु होकर, रेखा दक्षिण-पश्चिमी दिशा कि ओर अंगब्रसू-माईमी अंर्तग्राम सड़क के साथ जाते हुए स्टेशन न. 12 तक पहुँचती है; इसके पश्चात यह काम्पी लोक का अनुसरण करते हुए स्टेशन न. 13 तक पहुँचती है, तक यह स्टेशन न. 14 (941 मीटर) तक पहाड़ी रिज के साथ-साथ पहुँचती है; इसके बाद पहाड़ी रिज के साथ-साथ स्टेशन न. 15 और स्टेशन न. 16 से गुजरते हुए, जहाँ यह दोता लोक को काटते हुए लियांग ग्राम के स्टेशन न. 17 तक पहुँचती है तब यह थंगकाम्पी लोक के साथ जाते हुए स्टेशन न. 18 (कुलशिंग पाटन चोटी) जाती है ; तक यह चाकोम लोक के साथ स्टेशन न. 19 तक पहुँचती है; तब यह पहाड़ी रिज के साथ स्टेशन न. 12 (297 मीटर) तक पहुँचती है। तत्पश्चात् रेखा अंततः मामुंग लोक के साथ सीमा स्तंभ संख्या 75 तक पहुँचती है ।


वन्यजीव अभयारण्य के निर्देशांक		
जी. पी. एस बिंदु	अक्षांश	देशांतर
1	24° 26' 9.630" उ	94° 17' 11.858" पू
2	24° 24' 43.620" उ	94° 18' 21.283" पू
3	24° 23' 41.837" उ	94° 21' 40.149" पू
4	24° 14' 16.773" उ	94° 18' 1.864" पू
5	24° 14' 0.129" उ	94° 17' 28.997" पू
6	24° 19' 24.975" उ	94° 13' 54.579" पू
7	24° 18' 12.769" उ	94° 15' 12.852" पू
8	24° 23' 42.893" उ	94° 15' 16.813" पू

पारिस्थितिक संवेदी जोन के निर्देशांक		
जी. पी. एस बिंदु	अक्षांश	देशांतर
1	24° 18' 46.677" उ	94° 9' 22.983" पू
2	24° 18' 58.222" उ	94° 10' 24.111" पू
3	24° 20' 45.269" उ	94° 11' 14.993" पू
4	24° 21' 26.606" उ	94° 11' 33.864" पू
5	24° 21' 48.834" उ	94° 12' 7.028" पू
6	24° 23' 33.103" उ	94° 11' 52.177" पू
7	24° 25' 5.303" उ	94° 11' 10.018" पू
8	24° 24' 54.486" उ	94° 13' 19.038" पू
9	24° 26' 41.485" उ	94° 13' 48.689" पू
10	24° 27' 38.839" उ	94° 16' 15.302" पू
11	24° 28' 18.206" उ	94° 17' 58.381" पू
12	24° 27' 6.544" उ	94° 20' 13.156" पू
13	24° 26' 38.870" उ	94° 22' 51.855" पू
14	24° 25' 21.959" उ	94° 24' 2.491" पू
15	24° 24' 34.632" उ	94° 23' 41.712" पू
16	24° 10' 30.443" उ	94° 16' 35.348" पू
17	24° 11' 15.749" उ	94° 14' 10.866" पू
18	24° 13' 51.162" उ	94° 12' 25.903" पू
19	24° 14' 27.776" उ	94° 11' 53.229" पू
20	24° 14' 44.521" उ	94° 11' 22.673" पू
21	24° 15' 37.157" उ	94° 11' 20.660" पू
22	24° 16' 21.861" उ	94° 11' 6.421" पू
23	24° 17' 44.777" उ	94° 10' 38.266" पू

IndiaCode

उपाबंध – II

यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य, मणिपुर के अक्षांश और देशान्तर सीमा और विस्तार के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध – III

यंगगोपोकपी लोकचो वन्यजीव अभयारण्य, मणिपुर के पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची

क्र. सं.	नाम	अक्षांश	देशांतर
1.	अंगब्राशु	24° 18' 52.825" उ	94° 9' 38.849" पू
2.	छेलेप	24° 24' 28.058" उ	94° 11' 56.317" पू

3.	दोलाईबंगकुकी	24° 26' 7.748" उ	94° 16' 59.618" पू
4.	कामपांग	24° 26' 20.693" उ	94° 14' 38.951" पू
5.	कामपांगखोउ	24° 25' 12.636" उ	94° 16' 54.836" पू
6.	खारौखुल्लेन	24° 25' 41.286" उ	94° 18' 22.629" पू
7.	खारौखुनौउ	24° 26' 11.012" उ	94° 18' 38.363" पू
8.	खौंगखांग	24° 21' 22.130" उ	94° 11' 46.370" पू
9.	खुदेनंगथाबी	24° 18' 10.610" उ	94° 15' 23.576" पू
10.	लामायांग	24° 28' 11.039" उ	94° 18' 8.671" पू
11.	लामलौंग	24° 25' 2.766" उ	94° 19' 29.980" पू
12.	लैबी	24° 23' 41.769" उ	94° 15' 21.253" पू
13.	लैबीखुनौउ	24° 21' 53.712" उ	94° 15' 39.730" पू
14.	लैटन	24° 23' 19.495" उ	94° 12' 27.039" पू
15.	मैबीखुल (लोखओ)	24° 19' 21.386" उ	94° 14' 14.151" पू
16.	मैपी	24° 17' 15.823" उ	94° 12' 19.637" पू
17.	मैंगकांग	24° 13' 56.652" उ	94° 16' 13.935" पू
18.	मोयोल-खुलेन	24° 19' 13.943" उ	94° 11' 33.863" पू
19.	सिबोंग	24° 19' 27.506" उ	94° 15' 16.405" पू
20.	थांगबुंगमिनोय	24° 12' 3.430" उ	94° 17' 5.130" पू

उपाबंध IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए कार्यवाही किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

indiacode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 24th October, 2016

S.O. 3310(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 2537 (E), dated the 2nd September, 2015, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas, objections and suggestions received from all persons and stakeholders in response to the draft notification have been duly considered by the Central Government;

WHEREAS, the State Government of Manipur had issued a notification for declaration of the Yangoupokpi Lokchao Wildlife Sanctuary in Chandel District of the State of Manipur *vide* notification No.60/6/86-For dated the 21st March, 1989 because of its adequate ecological, faunal, floral, geo-morphological, natural and zoological significance;

AND WHEREAS, the Yangoupokpi Lokchao Wildlife Sanctuary is located at the confluence of two geological zones – Eastern Himalayan and Myanmar representing a unique and vibrant ecosystem of Indo-Myanmar biodiversity and supporting a varied biological diversity including Hoolock gibbon (*Hoolock leuconedys*), Malayan sun bear (*Helarctos malayanus*), Barking deer (*Muntiacini*), Sambar (*Rusa unicolor*), Leopard (*Panthera pardus*), Golden cat (*Catopuma temminckii*), Jackal (*Canis aureus*), Migratory Indian elephant (*Elephas maximus* indicus) along Indo-Myanmar border, Slow Loris (*Nycticebus sp.*), Pangolin (*Manis sp.*) etc;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which is specified in paragraph one of this notification around the protected area of the Yangoupokpi Lokchao Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1), clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent varying from zero to 7.8 kilometre from the boundary of the Yangoupokpi Lokchao Wildlife Sanctuary in the State of Manipur as the Yangoupokpi Lokchao Wildlife Sanctuary Eco-sensitive Zone (hereinafter referred to as the Eco-sensitive Zone), details of which are as under, namely:-

1. **Extent and boundaries of Eco-sensitive Zone.-**(1) The extent of Eco-sensitive Zone is varies from zero to 7.8 kilometres from the boundary of the Yangoupokpi Lokchao Wildlife Sanctuary and the extent of Eco-sensitive Zone is zero kilometre from East of the Wildlife Sanctuary, which shares 35 kilometre long eastern Indo-Myanmar international boundary and the area of Eco- sensitive Zone is 25,300 hectare.

